# विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड्स कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी

Hindi | हिन्दी

OFFICIAL

विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड्स समुदाय में स्वयंसेवा करने वाले वृद्ध नागरिकों को सम्मानित करते हैं। इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल अक्टूबर में की जाती है।

## पात्रता

आप पुरस्कार (अवार्ड) के लिए किसी को नामांकित कर सकते/ती हैं। यह ज़रूरी है कि जिस व्यक्ति को आप नामांकित करें, वह:

- ऑस्ट्रेलिया का नागरिक या स्थायी निवासी (सिटीजन या परमानेंट रेज़ीडेंट) हो,
- विक्टोरिया का निवासी हो
- उसकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक हो, या वह विक्टोरिया में रहने वाला एबोरिजनल (आदिवासी) और/या टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर व्यक्ति हो जिसकी आयु 50 वर्ष या इससे अधिक हो।

## पुरस्कार (अवार्ड) की श्रेणियाँ

पुरस्कार (अवार्ड) छह प्रकार के हैं:

### काउंसिल ऑन द एजिंग (COTA) विक्टोरियन सीनियर अचीवर अवार्ड्स

ये पुरस्कार उन स्थानीय सामुदायिक चैंपियनों को सम्मानित करते हैं जो अपने समुदाय में सकारात्मक वृद्धावस्था (पॉजिटिव एजिंग) में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### इमर्जिंग इम्पैक्ट अवार्ड

यह अवार्ड एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने स्वयंसेवा के क्षेत्र में हाल ही में कदम रखा है और जो अपने स्थानीय समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है।

COTA VICTORIA

Victorian Seniors Festival | VICTORIA State Government

### पॉजिटिव एजिंग अवार्ड

यह अवार्ड एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जो सकारात्मक और सक्रिय रूप से उम्रवृद्धि को बढ़ावा देकर अपने समुदाय में वृद्ध लोगों की भलाई में सुधार करता है।

### प्रमोशन ऑफ मल्टीकल्चरलिज्म अवार्ड

यह अवार्ड एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने अपने स्थानीय समुदाय और पूरे विक्टोरिया में सांस्कृतिक विविधता के लाभों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

### वेटरन कम्युनिटी अवार्ड

यह अवार्ड एक ऐसे व्यक्ति का सम्मान करता है जिसने वेटरन कम्युनिटी (पूर्व सैनिक समुदाय) में विशेष योगदान दिया हो। यह ज़रूरी नहीं है कि इस अवार्ड का विजेता एक वेटरन (पूर्व सैनिक) हो।

### प्रीमियर अवार्ड फॉर विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर

यह पुरस्कार स्थानीय समुदाय और विक्टोरिया के लिए उत्कृष्ट और स्थायी योगदान देने के लिए विजेता व्यक्ति का सम्मान करता है। द प्रीमियर्स अवार्ड फॉर विक्टोरियन विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर नामांकनों के लिए अभी खुला नहीं हैं। इस पुरस्कार के लिए सभी श्रेणियों से पात्र नामांकनों पर विचार किया जाएगा।

## और अधिक जानकारी प्राप्त करें

किसी को पुरस्कार के लिए नामांकित करने हेतु आपको उस व्यक्ति के बारे में जानकारी की आवश्यकता होगी। इसमें शामिल होगा:

- उनका नाम
- आयु
- संपर्क विवरण
- और इस बात के उदाहरण कि वे समुदाय में दूसरों की सहायता कैसे करते हैं।

विक्टोरियन सीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड्स के बारे में और अधिक जानने के लिए:

- सीनियर्स ऑनलाइन की वेबसाइट https://www.seniorsonline.vic.gov.au/awards पर जाएं
- या 8850 6164 पर कॉल करें।

इस दस्तावेज़ को किसी अन्य फॉर्मेट (प्रारूप) में प्राप्त करने के लिए हमसे संपर्क करें। कृपया विक्टोरियन सीनियर्स फेस्टिवल टीम को 8850 6164 पर कॉल करें या seniorsfestival@dffh.vic.gov.au पर ईमेल करें।

**यदि आप बधिर हैं, आपको कम सुनाई देता है, या आपको बोलने/संचार संबंधी कठिनाई है,** तो कृपया अपनी पसंदीदा राष्ट्रीय रिले सेवा (एनआरएस) कॉल चैनल[1] के माध्यम से हमसे संपर्क करें। फिर, एनआरएस को हमारा फ़ोन नंबर 8850 6164 प्रदान करें। और अधिक जानकारी के लिए, 'राष्ट्रीय रिले सेवा के बारे में' देखें[2]

विक्टोरिया सरकार, 1 ट्रेज़री प्लेस, मेलबर्न द्वारा प्राधिकृत और प्रकाशित।

© विक्टोरिया राज्य, ऑस्ट्रेलिया, परिवार, निष्पक्षता एवं आवास विभाग,मार्च 2026.

ISBN 978-1-76171-051-3 (pdf/online/MS word)

सीनियर्स ऑनलाइन https://www.seniorsonline.vic.gov.au/awards पर उपलब्ध

(2603546 और 2603544)

[1] https://www.accesshub.gov.au/about-the-nrs/nrs-call-numbers-and-links

[2] https://www.accesshub.gov.au/about-the-nrs